# वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव आज

- सिरोंज में निकलेगी भव्य शोभायात्रा
- मंदिरों में होंगे कन्याभोज और भंडारे

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा/सिरोंज 1 अप्रैल, भगवान वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव पर 2 अप्रैल गुरुवार को क्षेत्र के वीर हनुमान मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ेगा। इस मौके पर क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। वहीं शहर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा लाल बाबा सेवा समिति सिरोंज के सहयोग से भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी।**

भगवान हनुमान प्राकट्य उत्सव को लेकर मंदिरों में व्यापक तैयारियां की जा रही है। क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में बुधवार को भी दिनभर तैयारियों का दौर चलता रहा। इस मौके पर मंदिर समितियों द्वारा मंदिरों में विशेष साज सज्जा की जा रही है। वीर हनुमान प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिरों में पूजा, अर्चना एवं भंडारा के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा. इस मौके पर क्षेत्र के हनुमान मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहेगी. मंदिरों में हवन, पूजन, कन्याभोज एवं भंडारे का भी आयोजन होगा. स्थानीय भैरव पठार स्थित श्री हनुमान मंदिर में गुरुवार को सायं 5 बजे से कन्याभोज एवं महाप्रसादी वितरण होगा. वही सायं 6 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जावेगा. तथा रात्रि 8.30 बजे से महाआरती एवं भव्य श्रृंगार दर्शन होंगे. वही श्री मंशापूरन हनुमान मंदिर, करीमाबाद स्थित श्री हनुमान मंदिर, छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर, बटईयां की बावड़ी स्थित हनुमान मंदिर, ईमलानी मार्ग स्थित हनुमान मंदिर, पंचकुइयां स्थित हनुमान मंदिर, भैरव पठार स्थित हनुमान मंदिर, हनुमान मंदिर गनपुरी सहित नगर एवं ग्रामीण अंचलों के हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए भीड़ लगी रहेगी.



### विहिप, बजरंगदल निकालेंगे शोभायात्रा

भगवान वीर हनुमान प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा लाल बाबा सेवा समिति सिरोंज के सहयोग से गुरुवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी. शोभायात्रा स्थानीय छत्री नाका स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर निकलेगी. शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जावेगा. शोभायात्रा में भक्तों को प्रसादी का वितरण किया जावेगा. शोभायात्रा के समापन पर आरती होगी.

## गुना में हनुमान जयंती जुलूस पर अभेद्य सुरक्षा घेरा

**गुना।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में निकलने वाले शोभायात्रा जुलूस को लेकर इस बार गुना पुलिस प्रशासन पूरी तरह 'अलर्ट मोड' में है। पिछले वर्ष कर्नलगंज क्षेत्र में जुलूस के दौरान हुई अप्रिय घटना और हमले से सबक लेते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने स्पष्ट किया है कि शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ इस बार कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले साल के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए इस बार जुलूस मार्ग पर पुलिस बल की संख्या बढ़ा दी गई है। विशेषकर कर्नलगंज और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस टुकड़ियां तैनात रहेंगी।

# पूरे शहर को बनाना है फायर सेफ : सीएमओ

- सभी बड़े संस्थानों के लिए फायर एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य
- सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 01 अप्रैल, 2026 शहर के नागरिकों एवं व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज नगर पालिका परिषद इटारसी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में एक विशेष निरीक्षण दल द्वारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दुकानों और संस्थानों में फायर सेफ्टी (अग्नि सुरक्षा) के इंतजामों का जायजा लेना और भविष्य में होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकना रहा।**



**सुरक्षा मानकों का परीक्षण–** निरीक्षण के दौरान दल ने दुकानों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, उनकी एक्सपायरी डेट, और बिजली के उपकरणों की स्थिति की बारीकी से जांच की। टीम ने व्यापारियों को समझाया कि शॉर्ट सर्किट से बचाव के लिए वायरिंग दुरुस्त रखें और आपातकालीन निकास मार्गों को पूरी तरह बाधा मुक्त रखें। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में नगर पालिका से सुरेन्द्र रावत (उपयंत्री), नन्द राम साहू (सहायक राजस्व निरीक्षक) कमल कांत बडगोती, जगदीश पटेल , मोहन कंडारे शामिल थे. मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इस संबंध में शहरवासियों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा को केवल सरकारी औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे स्वयं की और समाज की सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं।

# गंदगी से परेशान लोग सड़कों पर उतरे, सौंपा ज्ञापन




**नवभारत न्यूज**
**चंदेरी। नगर पालिका के सफाई कामगारों की काम बंद हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर दिखाई दे रहे है, तो वहीं हर जगह गंदगी का आलम है, जिसके चलते नगर कोने-कोने में बिखरी गंदगी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है, साथ नगर में फैली गंदगी ने पर्यटन उद्योग पर भी असर डाला है। जिसकी बजह से आम लोगों में काफी आक्रोश है.**

इसी के चलते नगर के नागरिको द्वारा नगर में फैली गंदगी को लेकर जन आक्रोश निकाली गई, जहां एक ओर नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे तो वहीं सभी ने एकत्रित होकर एक रैली निकाली। इस रैली की खास बात यह रही कि इस रैली में आम जन किसी पार्टी विशेष के प्रतिनिधि के रूप में नहीं बल्कि आक्रोशित जागरूक नागरिक के रूप में सम्मिलित हुआ। यह जन आक्रोश रैली जयस्तंभ पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर शहर में फैली गंदगी के बीच शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होती हुई तहसील कार्यालय पर पहुंची।

> नगरपालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा की जा रहीं हड़ताल को लेकर विगत 29 मार्च को चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष संतोष कोली की उपस्थिति में सफाई कामगारों के साथ गतिरोध दूर करने हेतु हुई बैठक आयोजित की गई, लेकिन वह बेनतीजा निकली, जिसके कारण शहर में गंदगी का अंबार देखने को मिल रहा है।



# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**राहतगढ़ 1 अप्रैल. सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान के तहत नए सत्र में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बच्चे नियमित स्कूल आएं और शासन की योजना का लाभ लेकर लक्ष्य के साथ अध्ययन कार्य करें. इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. साथ ही छात्र-छात्राओं को निशुल्क साईकिल व पुस्तकें वितरित की गई. प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए, कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रियंक तिवारी, सुरेंद्र रघुवंशी, जहीर कुरैशी, अमित राय, आयुष श्रीवास्तव, प्रवीण गोस्वामी, संजना जैन, अजीत यादव, पूरनसिंह लोधी, संदीप शुक्ला अनुराग चौरसिया, चंद्रेश राजपूत विक्रम राय, आनंद साहू, बीईओ मोनिश कार्लो, बीआरसी जगदीश पटेल प्राचार्य सुरेश पटेल, विनोद ताम्रकार, नवीन राय, सनातन तिवारी, मुकेश मिश्रा, मनीष सेन नीरज मिश्रा, रामेश्वर लोधी, आदित्य श्रीवास्तव मौजूद थे.

# सुनियोजित नरवाई जलाने वालों पर लगाएं जुर्माना

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल, 1 अप्रैल. जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाएं। नरवाई जलाने के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं तथा पर्यावरण को होने वाली हानि के लिए जुर्माना भी वसूला जाएं।**

यह निर्देश कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित नरवाई प्रबंधन की बैठक में दिए।

उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित करते हुए तहसीलवार प्रकरणों की समीक्षा की तथा सख्त हिदायत दी कि नरवाई प्रबंधन से संबंधित सभी गतिविधियां प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जाएं। बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर का संचालन नहीं किया जाए।

नरवाई प्रबंधन में लापरवाही पर कलेक्टर ने कृषि विकास अधिकारी चिचोली, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भीमपुर एवं मुलताई के विरुद्ध वेतन वृद्धि रोकने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। आगामी 7 दिनों में शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहीं ग्रामीण क्षेत्रों की कई सड़कें

**नवभारत न्यूज,**
**टीकमगढ़/ जतारा।**
**जतारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से हाइवे मार्ग तक पहुंचने वाली सड़कें बदहाल स्थिति में हैं। इन खस्ताहाल सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।**

जानकारी के अनुसार पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी कई ग्राम पंचायतों-जैसे बछौड़ा, मऊ बुजुर्ग, दिगौड़ा सहित अन्य गांवों-को जोड़ने वाली सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए डामरीकरण की गारंटी अवधि पूरी होते ही सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गईं, जिससे वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगती हैं। ऐसे में न केवल छोटे वाहन बल्कि बड़े वाहन भी निकलने में असमर्थ हो जाते हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बैरवार तिगैला से कुंवरपुरा तक सड़क की स्थिति ठीक है, लेकिन दिगौड़ा तक पहुंचने वाले मार्ग की हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बारिश से पहले सड़क का डामरीकरण और मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और आवागमन सुगम हो सके।

### विकास के मामले में ग्रामीण क्षेत्र पिछड़ा

ग्रामीणों ने मांग की है कि बारिश से पहले सड़क का डामरीकरण और मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और आवागमन सुगम हो सके। वहीं, जब ग्रामीणों से क्षेत्रीय विधायक और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई, तो लोगों में गहरी नाराजगी सामने आई। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। कुछ ग्रामीणों ने तो यहां तक कहा कि उन्हें आज तक विधायक की परछाई भी देखने को नहीं मिली है।

## जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**नवभारत न्यूज**
**टीकमगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने आगामी वर्षाकाल आरंभ होने की कालावधि 15 जुलाई 2026 तक के लिये जिले के संपूर्ण क्षेत्र एवं परिसीमा को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा के बगैर किसी भी प्रयोजन के लिये नवीन नलकूप खनन नहीं करेगा। अधिनियम के प्रावधान लागू होने की तिथि से कोई भी व्यक्ति पेयजल स्त्रोत तथा समस्त नदी, नालों, तालाबों बाबड़ियों आदि जल-स्त्रोतों का उपयोग सिंचाई, व्यावसायिक प्रयोजन हेतु पेयजल स्त्रोत, हैण्डपंप, नलकूप आदि के 150 मीटर की परिधि में निजी उद्देश्यों के लिये हैण्डपंप अथवा ट्यूबबैल खनन नहीं करे।

# झमाझम बारिश व ओलावृष्टि से बदला मौसम

## सुबह से तेज गर्मी और उमस के बाद दोपहर में जमकर बरसे बादल



**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 1 अप्रैल. जिले में बुधवार की दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली और तेज बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरने लगे. करीब 3.15 बजे के बाद शुरू हुई इस बारिश ने पूरे शहर का मिजाज बदल दिया. जिला मुख्यालय पर काफी देर तक झमाझम बारिश हुई तो ओले भी बरसे, वहीं इछावर क्षेत्र के ग्राम जाटखेड़ी से भी ओलावृष्टि की खबर सामने आई है.**

अचानक बदले मौसम ने लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी है। दोपहर तक जहां तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, वहीं बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई. बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो एक दिन पहले की तुलना में दो डिग्री अधिक था लेकिन बारिश के बाद माहौल सुहावना हो गया.

### सड़क पर गिरे पेड़ से यातायात हुआ बाधित

मुरली रोड पर एक पेड़ गिर जाने से अंडरब्रिज से मंडी जाने वाला रास्ता बाधित हो गया. सूचना मिलने पर पहुंचे नपा के अमले ने जेसीबी की मदद से पेड़ को हटाया तब कहीं जाकर यातायात सामान्य हो सका.

## एक नजर में



### पीएमश्री विद्यालय में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

**भेरूंदा.** नगर के पीएमश्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय भैरूंदा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया. नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया. मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा रीतेश मकवाना के अलावा पार्षद श्रीमती इंदू नितिन मालवीय, पार्षद श्रीमती नीता अग्रवाल, श्रवण व्यास, बीईओ साक्षी जैन, ललित कीर, विनोद मेहरा आदि मौजूद थे. विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री साक्षी जैन ने विद्यार्थियों से नियमित गणवेश में विद्यालय आने की बात कही. कार्यक्रम का संचालन सारिका पाठक ने किया. विद्यार्थियों को नि :शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया. अंत में प्रधानाचार्य राकेश वर्मा ने आभार व्यक्त किया.

### 2 .07 लाख की चोरी का खुलासा

**नटेरन.** थाना क्षेत्र में हुई 2 .07 लाख की चोरी का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी एवं मोबाइल भी बरामद किया है .प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मरखेड़ा निवासी योगेश दांगी ने 1 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दीवान व अलमारी में रखी ?2,07,000 नगदी तथा रेडमी नोट 7 प्रो मोबाइल चोरी कर लिया .मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में पुलिस ने तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेही प्रदुम्न मीणा से पूछताछ की .पूछताछ में उसने अपने साथियों तनवीर मीणा और बब्लू भोई के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15,100 नगदी एवं एक मोबाइल बरामद किया.

### नाबालिग बालिका को 24 घंटे में ढूंढा

**जीरापुर.** पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया. पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने बताया कि 29 मार्च को नाबालिग के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है. इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की. जिसमें पुलिस टीम ने लगातार तलाश करते हुए संभावित स्थानों पर दबिश दी. इस दौरान नाबालिग बालिका को राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कालियाखेड़ी निवासी आरोपी ईश्वर गुर्जर उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया.

### पंजीयन वैधता समाप्ति पर भी मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण शिक्षा सहायता प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों की उच्च शिक्षा हेतु शैक्षणिक शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है। वर्तमान प्रावधान अनुसार पंजीकृत श्रमिक की आयु 60 वर्ष से अधिक होने या पंजीकृत श्रमिक के निधन होने पर निर्माण श्रमिक पंजीयन वैधता समाप्त हो जाने से पूर्व से अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को शैक्षणिक शुल्क की राशि का भुगतान किये जाने के संबंध में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं थे। सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम ने बताया कि मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने पंजीकृत श्रमिकों की संतानों के लिए शिक्षा सहायता योजना में बदलाव किया है। अब यदि किसी छात्र/छात्रा को यदि प्रोत्साहन राशि की प्रथम किश्त आवंटन के पश्चात पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु हो जाए या उनकी आयु 60 वर्ष पूरी होने पर पंजीयन वैधता समाप्त हो जाए, तो भी उनके बच्चों को शेष शैक्षणिक सत्रों के लिए प्रोत्साहन राशि मिलती रहेगी। बस, उन्हें कोर्स पूरा करना और हर साल परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

# नवाचार से स्कूल चलो अभियान को मिली नई उड़ान

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 01 अप्रैल, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में विद्यार्थियों का स्वागत माला पहनाकर, पुस्तक एवं बैग वितरित कर किया गया.**



इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत पहला दिन प्रवेश उत्सव अत्यंत विशेष होता है, जो बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है. कार्यक्रम के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में नवीन प्रवेश लेने वाले कक्षा 6वीं के छात्राओं का भी विशेष रूप से स्वागत किया गया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा के नवाचार के तहत नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क बैग वितरित किए गए।साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 12 हजार बैगों का वितरण किया गया तथा जाति प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया. इसके परिणामस्वरूप जिले के शासकीय विद्यालयों में नामांकन अनुपात में वृद्धि हुई, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. इस पहल की सराहना समग्र शिक्षा अभियान, भोपाल द्वारा भी की गई.

इस अवसर पर ईशिका जाटव, सुहाना, कैनात, खुशबू, अक्षा एवं मोनिका को विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. वहीं कन्या महाविद्यालय में पिंकी मेवाड़े एवं कनक को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया.

**संवेदनहीन** | मासूम की बीमारी का मजाक उड़ाकर थमाई टीसी : बाल कल्याण समिति ने अल्फा स्कूल में दी दबिश

# गुना के अल्फा स्कूल प्रबंधन का इंसुलिन देने पर स्कूल को ऐतराज!

**नवभारत न्यूज**
**गुना। शहर के दलवी कॉलोनी स्थित अल्फा स्कूल प्रबंधन की एक बेहद अमानवीय और संवेदनहीन कार्यप्रणाली सामने आई है। स्कूल ने एक 6 वर्षीय मासूम छात्रा को महज इसलिए स्कूल से निकाल दिया क्योंकि वह 'टाइप-1 डायबिटीज' से पीड़ित है और उसे स्कूल समय में इंसुलिन के इंजेक्शन की जरूरत पड़ती है। इस मामले की गूँज भोपाल तक पहुँचने के बाद बुधवार को बाल कल्याण समिति की टीम ने पुलिस और शिक्षा विभाग के साथ स्कूल पहुंचकर जांच पड़ताल की।**

भगत सिंह कॉलोनी निवासी दिलीप थापर, जो जोमेटो कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत हैं, की 6 वर्षीय बेटी इशिता गंभीर डायबिटीज से पीड़ित है। उसे दिन में कई बार इंसुलिन देना पड़ता है और शुगर की जांच करनी होती है। चूंकि बच्ची बहुत छोटी है, इसलिए पिता को हर रोज स्कूल जाकर उसे इंसुलिन देना और खाना खिलाना पड़ता है। दिलीप का आरोप है कि दाखिले के समय स्कूल संचालक जॉय वर्गीस ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ माह बाद ही प्रबंधन ने इस मानवीय प्रक्रिया में रोक-टोक और प्रताड़ना शुरू कर दी। हद तो तब हो गई जब वार्षिक परीक्षा खत्म होते ही बदले की भावना से स्कूल ने इशिता (6) और उसकी बड़ी बहन लेशाना (14) का नाम स्कूल से काटकर उन्हें टीसी थमा दी।



### सीडब्ल्यूसी की टीम ने घेरा स्कूल, जांच शुरू

मामला सुर्खियों में आने के बाद बुधवार को बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. नीरू शर्मा, सदस्य अनुसुइया रघुवंशी और अन्य सदस्यों की टीम अल्फा स्कूल पहुंची। टीम के साथ पुलिस बल और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। जांच टीम ने स्कूल के प्रिंसिपल और स्टाफ से लंबी पूछताछ की और दस्तावेजों को खंगाला। डॉ. नीरू शर्मा (अध्यक्ष, सीडब्ल्यूसी) ने बताया कि 'एक बीमार बच्ची के साथ इस तरह का व्यवहार और उसे शिक्षा के अधिकार से वंचित करना गंभीर मामला है।

**गरीबी और मजबूरी का उड़ाया मजाक–** पीड़ित पिता ने रुंधे गले से आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूरी का मजाक उड़ा रहा है। समय पर फीस भरने के बावजूद स्कूल संचालक ने उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल किया और दोनों बेटियों के भविष्य को अधर में डाल दिया है। इस मामले में पहले भी कलेक्टर और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई थी, लेकिन तब प्रशासन की हिदायत के बाद भी स्कूल प्रबंधन के हौसले पस्त नहीं हुए।

## पीएनजी कनेक्शन से जुड़ेंगी आंगनबाड़ी

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में स्थित आवासीय स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, कम्युनिटी किचन एवं आंगनवाड़ी किचनों में, जहां आसपास पाइपलाइन अधोसंरचना उपलब्ध है, वहां 5 दिवस के भीतर पीएनजी कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही अधोसंरचना निर्माण की प्रक्रिया को गति देने के लिए विभिन्न अनुमतियों को सरल बनाने, स्थानीय शुल्कों को तर्कसंगत करने तथा लागत संबंधी बाधाओं को दूर करने पर भी जोर दिया गया है. विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, छात्रावासों, निजी हॉस्टलों, कम्युनिटी किचन एवं आंगनवाड़ी किचनों में 5 दिवस में पीएनजी कनेक्शन अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा.